☎ 2286710, 2286709
राज्य नगरीय विकास अभिकरण
नव चेतना केन्द्र, 10 अशोक मार्ग,
लखनऊ–226001
website-www.sudaup.org

पत्रांकः– 1201 /01/29/HFA-8/2017–18 दिनांकः– 04 जुलाई, 2017

सेवा में,

1. विजन ईआईएस कन्सलटिंग प्रा0लि0, नोएडा। 2. स्टेसलिट सिस्टम्स लि0, कोलकाता।
3. रूद्राभिषेक एन्टरप्राईजेज प्रा0लि0, नई दिल्ली। 4. सरयूबाबू इन्जी0 इन्डिया प्रा0लि0, मुम्बई
5. सरयू बाबू इन्जीनियर्स फॉर रिसोर्स डेवलपमेन्ट, पटना।

विषयः–**प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत लाभार्थियों का प्रमाणीकरण (Validation) करने के पश्चात् HFAPoA प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि आपको प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत दिनांक 31.03.2017 को कट ऑफ डेट मानते हुए प्राप्त आवेदन पत्रों का प्रमाणीकरण (Validation) का कार्य 30 जून, 2017 तक पूर्ण किया जाना था, जिसकी सूचना अभी तक अप्राप्त है। इसकी वर्तमान स्थिति से अवगत करायें। भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा उक्त सम्बन्ध में रोड मैप तैयार किया गया है, जिसके अनुसार जून 2017 में 100 निकाय, जुलाई 2017 में 400 निकाय, तथा अगस्त 2017 में अवशेष 128 निकायों का प्लान ऑफ एक्शन तैयार कर भारत सरकार प्रेषित किये जाने है।

उक्त के परिपेक्ष्य में आपको निर्देशित किया जाता है कि निम्नानुसार HFAPoA तैयार कर जनपद स्तरीय निगरानी समिति से अनुमोदित कराते हुए सूडा को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें–

1. माह जुलाई – आवंटित निकायों का 20 प्रतिशत
2. माह अगस्त – आवंटित निकायों का 50 प्रतिशत
3. माह सितम्बर – आवंटित निकायों का 30 प्रतिशत

इसमें किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं है।

इसके अतिरिक्त प्लान ऑफ एक्शन अनुमोदित करने से पूर्व यदि किसी निकाय में सरकारी भूमि पर टेनेबल स्लम स्थित है तो ऐसी दशा में सभी लाभार्थियों का सर्वेक्षण कर उनका consent लेते हुए फार्म–4ए पर तथा शेष घटक के लाभार्थियों की फार्म–4बी पर एन्ट्री पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही साथ ऑनलाइन डाटा, प्राप्त ऑफलाइन मूल आवेदन पत्र एवं अधिशासी अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित लाभार्थियों की मूल सूची भी डूडा कार्यालय में उपलब्ध करा दें।

भवदीय

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
निदेशक

<u>प्रतिलिपिः–</u>

1. समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष, डूडा, उ0प्र0 को इस अनुरोध के साथ कि प्राथमिकता के आधार पर प्लान ऑफ एक्शन प्रेषित करने का कष्ट करें।
2. परियोजना अधिकारी, डूडा, उ0प्र0 को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. श्री योगेश आदित्य, वेब मास्टर, सूडा, लखनऊ।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
निदेशक

HFA/60